तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3

नन्हे-मुन्नों की रंगों की कला से लेकर महिलाओं की आंख मिचौली व कुर्सी दौड़ तक दिखा उत्साह



खबर संक्षेप

कोरबा एवं करतला में विशेष शिविर आज

कोरबा। राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आम नागरिकों तक विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में 1 अक्टूबर से विशेष शिविर आयोजित किए जा रहें। इसी क्रम में 3 अक्टूबर को नगर पालिक निगम कोरबा के अंतर्गत टीपी नगर स्थिति निगम कार्यालय एवं जनपद पंचायत करतला अंतर्गत हायर सेकेण्डरी स्कूल फरसवानी में शिविर आयोजित किए जाएंगे। आम नागरिकों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठायें।

विद्यालयों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन आज

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 3 अक्टूबर को पीएमश्री सेजेस बालको, करतला, तिलकेजा एवं पोड़ी-उपरोड़ा, सेजेस अंग्रेजी माध्यम पाली, सेजेस कन्या साड़ा तथा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भैसमा एवं सरगबुंदिया में नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित संस्थाओं को निर्धारित स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा बैठक आज

कोरबा। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसान पंजीयन और धान खरीदी की प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा बैठक 3 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में होगी। बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में राजस्व, खाद्य, सहकारिता, कृषि विभाग और विपणन संघ के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

22 हितग्राहियों को मिले प्रमाण पत्र और डिजिटल किसान किताब

कोरबा। नगर पंचायत छुरीकला में आयोजित सेवा सेतु शिविर में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पदमनी प्रीतम देवांगन और उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी की उपस्थिति में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में 12 हितग्राहियों को आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा 10 हितग्राहियों को डिजिटल किसान किताब वितरित की गई। शिविर के प्रारंभ में राजस्व विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों को भू-अभिलेख एवं डिजिटल रिकॉर्ड से जुड़ी सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही स्वामित्व योजना के अंतर्गत आबादी पट्टा तथा नामांतरण (दाखिल-खारिज) की प्रक्रिया और लाभों के बारे में बताया।

पुरानी पेंशन पर आश्वासन नहीं, आदेश चाहिए, 5 को महारैली

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना लागू करने के संबंध में तत्काल आदेश जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि अब केवल बयानबाजी और आश्वासन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसी मांग को लेकर विद्युत कंपनी के हजारों अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त संगठनों के अधिकार मंच के नेतृत्व में 5 अक्टूबर को कंपनी मुख्यालय, डंगनिया, रायपुर में आयोजित महारैली एवं विशाल आमसभा में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग ने 6 अक्टूबर 2023 को विद्युत कंपनियों में पुरानी पेंशन लागू करने के संबंध में सैद्धांतिक सहमति प्रदान की थी। इसके बावजूद विद्युत कंपनी में इसका क्रियान्वयन नहीं होने से अधिकारी-कर्मचारियों में लगातार असंतोष बढ़ रहा है।

खाद्य एवं औषधि विभाग ने दवा दुकानों का किया निरीक्षण, 5 संचालकों को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नियत्रंक खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं जिला दंडाधिकारी के दिये गये निर्देश के परिपालन में माह सितंबर में खाद्य एवं औषधि प्रशासन औषधि विभाग कोरबा के औषधि निरीक्षको के द्वारा कोरबा नगर निगम क्षेत्र, कटघोरा ब्लाक, दीपका एवं हरदी बाजार क्षेत्र स्थित मेडिकल स्टोर्स में औषधियों की गुणवत्ता, खरीदी बिक्री और बिना प्रिस्क्रीपसन के नारकोटिक औषधियों के पूर्णतः प्रतिबंधित औषधियों के व्यापार पर नियंत्रण हेतु निरीक्षण की कार्यवाही की गई।

औचक निरीक्षण की कार्यवाही में हरदी बाजार स्थित मेसर्स शर्मा मेडिकल स्टोर्स, मेसर्स मां संतोषी मेडिकल स्टोर्स, कटघोरा स्थित मेसर्स गोपाल मेडिकल स्टोर्स, मेसर्स महादेव एंजेसी, मेसर्स याका मेडिकल स्टोर्स कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मेसर्स आर.व्ही एंटरप्राइजेस, मेसर्स गरीमा मेडिकल स्टोर्स, मेसर्स अभिषेक मेडिकल, मेसर्स मेडीसीन कार्नर, मेसर्स महामाया मेडिकल स्टोर्स, मेसर्स सपना मेडीकल स्टोर्स एनटीपीसी हास्पीटल कैंपस, मेसर्स वर्षा केमिस्ट जेलगांव, मेसर्स साहू मेडिकोज दर्री, मेसर्स हनुमान मेडिकल स्टोर्स जेलगांव, मेसर्स सर्वमंगला मेडिकल जेलगांव एवं मेसर्स विभोर फार्मा पोंड़ी उपरोड़ा ब्लाक स्थित मेसर्स पीएम जन औषधि, करतला ब्लॉक स्थित मेसर्स पारस मेडिकल स्टोर्स, मेसर्स लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स में नारकोटिक दवाओं, शेड्युल एच, एच 1 एवं अन्य औषधि नियमावली के अनियमितताओं के संबंध में जांच किया गया। उक्त जांच के दौरान 5 मेडिकल स्टोर्स के संचालक के द्वारा औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेख मौके पर प्रस्तुत करने मे असमर्थ रहे। उक्त दुकानों को कारण बताओ सूचना पत्र का नोटिस दिया जायेगा। संतोषप्रद जवाब नहीं पाये जाने पर विभाग द्वारा औषधि एवं प्रसाधन सामाग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत के अनुज्ञप्ति के निलंबन अथवा निरस्तीकरण कार्यवाही की जायेगी। उक्त कार्यवाही के दौरान औषधि निरीक्षक सुनील सांडे, पोंड़ीउपरोड़ा क्षेत्र के विरेन्द्र भगत एवं कटघोरा क्षेत्र के औषधि निरीक्षक रिषी साहू औषधि विभाग की टीम उपस्थित थे। माह सितंबर में ⏭ शेष पेज 3 पर

औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सके

खास बातें

- जिले के मेडिकल स्टोर्स में पहुंचकर टीम ने किया दवाइयों की खरीदी बिक्री की जांच



नगर सेना, पुलिस प्रशासन की टीम लगी है रेस्क्यू ऑपरेशन में

कुएं से पानी निकालते समय मिट्टी धंसने से ग्रामीण दबा, 30 घंटे बाद भी नहीं निकाला जा सका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम गुरमा से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहाँ अपने पड़ोसी के कुएं से पानी भरने गए 52 वर्षीय सोन साय मिट्टी के मलबे में दब गया है। जिसे निकालने के लिए प्रशासन व पुलिस की टीम जेसीबी की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन करने में लगी हुई है लेकिन शाम होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में सफलता नहीं मिली और ऑपरेशन को रोक दिया गया है। शनिवार की सुबह फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया जाएगा।

खास बात

- श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम गुरमा की घटना, आज फिर होगा रेस्क्यू



ग्रामीण की तलाश में जुटी रेस्क्यू टीम।

जानकारी के अनुसार श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम गुरमा निवासी सोन साय 52 वर्ष रोज की तरह अपने पड़ोसी तेल सिंह के घर स्थित कुएं से पीने और खाना बनाने के लिए पानी लेने गया था। गुरुवार दोपहर जब वह कुएं से पानी निकाल रहा था उसी दौरान अचानक कुएं की मिट्टी धंस गई। सोन साय सीधे मलबे की चपेट में आ गया और कुएं में दब गया। राहत की बात यह रही कि मौके पर मौजूद तेल सिंह का पुत्र इस हादसे में बाल-बाल बच गया। हादसे की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। तुरंत इसकी सूचना स्थानीय श्यांग थाना प्रभारी लक्ष्मण खुंटे और जिला प्रशासन को दी गई। गुरुवार शाम को समय कम होने और अंधेरा गहराने की वजह से रेस्क्यू शुरू नहीं हो। शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे नगर सेना (होमगार्ड) और जिला पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने मलबे को हटाने और सोन साय तक पहुँचने के लिए घंटों कड़ी मशक्कत की। हालांकि, मिट्टी के लगातार धंसने और शाम 6 बजे अंधेरा हो जाने के कारण अभियान को बीच में ही रोकना पड़ा। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, रात के समय खतरे को देखते हुए रेस्क्यू रोक दिया गया है। शनिवार सुबह तड़के जिला पुलिस प्रशासन और रेस्क्यू टीम एक बार फिर से अभियान चलाकर सोन साय को कुएं से बाहर निकालने का हर संभव प्रयास करेगी।

कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में उप अभियंता निलंबित-ठेकेदार ब्लेक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन उप अभियंता के द्वारा वार्ड क्र. 29 अंतर्गत मुड़ापार दशहरा मैदान के पास मंच निर्माण कार्य संपादित कराया जा रहा था। आरोप हैं कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित तकनीकी मापदण्डों एवं सुरक्षित निर्माण प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया तथा कार्य स्थल पर छत ढलाई के पूर्व शेटरिंग, ब्रेसिंग, सपोर्ट एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का समुचित परीक्षण एवं सत्यापन नहीं किया गया।

उक्त कार्य के दौरान मंच का छज्जा ढलाई करते समय गिर गया, इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण चाही गयी थी, किन्तु उप अभियंता द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया तथा उनके विरूद्ध कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठापूर्वक नहीं किया जाना छ. ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1 एवं 3 (क) का स्पष्ट उल्लंघन पाया गया। अतः छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत उप अभियंता, निगम को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत निगम होगा। निगम द्वारा निजी ठेकेदार को अधोसंरचना मद के अंतर्गत वार्ड क्र. 29 अंतर्गत मुड़ापार बायपास रोड में आर.सी.सी. नाली एवं कलवर्ट का निर्माण तथा डी.एम.एफ. मद अंतर्गत वार्ड क्र. 29 मुड़ापार दशहरा मैदान के पास मंच निर्माण कार्य कराया जा रहा था। उपरोक्त कार्य के अनुबंध अनुसार कार्यादेश 21 मई कार्यावधि 3 माह के तहत कार्यादेश जारी किया गया। कार्यादेश अनुसार कार्य पूर्ण करने की अवधि 20 अगस्त तक निर्धारित थी, किन्तु ठेकेदार द्वारा वर्तमान स्थिति तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। कार्य पूर्णता तिथि से लगभग 1 माह व्यतीत होने के उपरांत भी ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ कर पूर्ण नहीं किया गया तथा कार्य यथा स्थिति बंद हैं। 25 सितंबर के तहत ठेकेदार को अंतिम नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया था, परन्तु ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने के संबंध में संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। उक्त कृत्य आपकी कार्य के प्रति अनिच्छा को परिलक्षित करता है, जो कि अनुबंध की कंडिका-2, 3 (i) (ii) (d) का स्पष्ट उल्लंघन पाया गया। उपरोक्त कार्य के अतिरिक्त वार्ड क्र. 29 अंतर्गत मुड़ापार दशहरा मैदान के पास मंच निर्माण कार्य का छत ढलाई के दौरान निर्धारित तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता का समुचित पालन नही किये जाने के फलस्वरुप स्लैब का एक भाग गिरने की घटना हुई है, जिसके संबंध में ठेकेदार के द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नहीं होने के साथ ही कार्य के प्रति लापरवाही का द्योतक है एवं उक्त कार्य में अनुबंध की कंडिका 3 (i) (ii) (एच) में निहित प्रावधानों का उल्लंघन किया गया। उपरोक्त दोनों कार्यो के अनुबंध की कंडिका-2, 3 (i) (ii) (डी) एवं कंडिका 3 (i) (ii) (एच) का पालन नहीं होने के फलस्वरूप आपको दोनों ही कार्यो के क्रियान्वयन हेतु जारी कार्यादेश को निरस्त करते हुए निविदा के दौरान जमा अमानत राशि एवं अंतर राशि को मय ब्याज राशि सहित राजसात की जाती है तथा अगली निविदा में अंतर की क्षतिपूर्ति राशि आपके अन्य बिल या उपलब्ध सुरक्षा/परफारमेंस गारंटी या से वसूली किया जावेगा, साथ ही आपको नगर पालिक निगम कोरबा की आगामी निविदाओं में भाग लिये जाने हेतु 1 वर्ष की अवधि के लिये प्रतिबंधित किया गया है।

घुड़देवा खदान क्षेत्र में चोरी-डकैती का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के घुड़देवा खदान एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी, डकैती और लूट की घटनाओं में कथित रूप से संलिप्त मुख्य मास्टरमाइंड धरम सिंह राजपूत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से केबल तार काटने में प्रयुक्त हथियार तथा घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार, इस मामले में पूर्व में अपराध क्रमांक 179/2026 के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। प्रकरण में शामिल 3 बालिग आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है, जबकि 7 विधि से संघर्षरत बालकों को पूर्व में ही बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों और आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने मामले के कथित मुख्य मास्टरमाइंड धरम सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के कब्जे से केबल तार काटने का हथियार और घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर उप जेल कटघोरा भेज दिया गया। पुलिस द्वारा मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है तथा चोरी, डकैती और लूट की घटनाओं से जुड़े तथ्यों को खंगाला जा रहा है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

लाखों की ठगी करने वाले शातिर फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमीन बेचने के नाम पर करीब 7 लाख की धोखाधड़ी कर लंबे समय से फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को रजगामार पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को धरदबोचा।

रजगामार चौकी प्रभारी विनोद सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी हनुमान प्रसाद उर्फ लाला पिता मुन्नी लाल यादव के खिलाफ जमीन बिक्री के नाम पर 7 लाख की ठगी का आरोप दर्ज था। वारदात को अंजाम देने के बाद से ही आरोपी लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि आरोपी के खिलाफ न्यायालय से तीन स्थायी वारंट भी लंबित थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

रजगामार पुलिस ने घेराबंदी कर आखिरकार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वैधानिक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे आगे की प्रक्रिया के लिए भेज दिया है। फरार अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस की इस सफलता की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है।

दीपका में किन्नरों और पिता-पुत्र के बीच झड़प, दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका थाना क्षेत्र में किन्नरों और पिता-पुत्र के बीच विवाद के बाद खूनी झड़प का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कमेंट को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। करीब 10 मिनट तक दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे चले। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



मारपीट करते किन्नर व पिता-पुत्र।

जानकारी के मुताबिक, किन्नर समाज के कुछ लोग दीपका क्षेत्र में ढोलक बजाते हुए दुकानों में बधाई मांग रहे थे। इसी दौरान दीपका चौक स्थित संजय पान पैलेस के पास किसी बात को लेकर कमेंट किए जाने पर किन्नरों और वहां मौजूद लोगों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने के बाद दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान केजे सिंह कंपनी में काम करने वाले पंकज सिंह के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि इस दौरान उन पर चाकू और डंडे से हमला किया गया, जिससे पंकज सिंह घायल हो गए। पिता के साथ मारपीट की सूचना मिलने पर उनका बेटा प्रतीक सिंह भी मौके पर पहुंचा। आरोप है कि इसके बाद प्रतीक के साथ भी मारपीट की गई। वायरल वीडियो में दोनों पक्षों के बीच मारपीट होती दिखाई दे रही है। घटना के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और विवाद के वास्तविक कारण तथा मारपीट में शामिल लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। दीपका थाना प्रभारी धमरनारायण तिवारी ने बताया कि पंकज की रिपोर्ट पर किन्नर ⏭ शेष पेज 3 पर

कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य ने उठाया मुद्दा

गेवरा जीएम ने बंद केंटीन शुरू करने व पदोन्नति का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्य एवं हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) के वरिष्ठ नेता अख्तर जावेद उस्मानी का 18 से 20 अगस्त तक गेवरा-दीपका क्षेत्र की खदानों का द्विवार्षिक व सुरक्षा निरीक्षण दौरा संपन्न हुआ था इस दौरे के दौरान उन्होंने पाया कि गेवरा क्षेत्र के सभी केंटीन पूरी तरह से बंद पड़े हैं।

निरीक्षण के दौरान एचएमएस (एचएमएस) कार्यालय गेवरा क्षेत्र में आयोजित बैठक में कोयला मजदूर पंचायत के कार्यकर्ताओं ने अख्तर जावेद उस्मानी को विस्तार से अवगत कराया कि गेवरा क्षेत्र में कर्मचारियों के लिए संचालित सभी केंटीन पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से बंद पड़े हैं जिससे खदान में कार्यरत कोयला मजदूरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । कर्मचारियों की इस गंभीर समस्या को तत्काल संज्ञान में लेते हुए उस्मानी ने माइन्स रूल 1955 तथा सेंट्रल रूल 2026 का हवाला देते हुए क्षेत्रीय महाप्रबंधक गेवरा क्षेत्र को पत्र प्रेषित किया पत्र के माध्यम से उन्होंने मजदूरों के स्वास्थ्य एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बंद पड़े केंटीनों को बिना किसी विलंब के अविलंब शुरू कराने की कड़ी मांग की। इसी कड़ी में 23 सितंबर को अख्तर जावेद उस्मानी पुनः गेवरा पहुंचे उन्होंने कोयला मजदूर पंचायत (एचएमएस) के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ गेवरा क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक से सीधी मुलाकात की बैठक में मुख्य रूप से दो प्रमुख मुद्दों बंद पड़े केंटीनों को तुरंत चालू करने तथा कर्मचारियों के लंबित प्रमोशन (पदोन्नति) पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई । सकारात्मक वार्ता के दौरान गेवरा के क्षेत्रीय महाप्रबंधक महोदय ने उस्मानी एवं कोयला मजदूर पंचायत के पदाधिकारियों को स्पष्ट आश्वासन दिया कि बंद पड़े केंटीनों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द शुरू कराया जाएगा साथ ही जितने भी पात्र एवं प्रमोशन योग्य कर्मचारी हैं उन्हें समयबद्ध तरीके से पदोन्नति प्रदान की जाएगी। कोयला मजदूर पंचायत (एचएमएस) ने प्रबंधन के इस सकारात्मक रुख का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि प्रबंधन अपने वादे के अनुसार कर्मचारियों की इन वाजिब मांगों को शीघ्र पूरा करेगा ।

किशोरी से अनाचार आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। लेमरू थाना क्षेत्र के लामपहाड़ गांव में 16 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गांव से लगे जंगल में मवेशी चराने गई नाबालिग को युवक ने जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक घटना के बाद नाबालिग डरी-सहमी हालत में घर पहुंची और परिजनों को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। परिजन उसे लेकर लेमरू थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी की पहचान मुकेश साहू उर्फ पिंटू 22 साल के रूप में हुई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

वोल्वो की चपेट में आने से ठेका श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की दीपका खदान में कोयला परिवहन में लगे वाल्वो वाहन की चपेट में आने से श्रमिक आनंद सिंह उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई। हादसा खदान के व्यू प्वाइंट के पास हुआ। गंभीर रूप से घायल आनंद के दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। अत्यधिक रक्तस्राव होने पर उसे न्यू कोरबा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार की अलसुबह लगभग 5 बजे उसकी मौत हो गई। आनंद सिंह मूलरूप से जशपुर जिले का रहने वाला था और वर्तमान में हरदीबाजार में रह रहा था। वह दीपका खदान में नियोजित निजी कंपनी कलिंगा कार्पोरेशन के कार्यक्षेत्र में बुधवार रात करीब 9:30 बजे ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान कोयला परिवहन में लगे वॉल्वो वाहन की चपेट में आ गया। हादसे के बाद खदान की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। खदान क्षेत्र में भारी वाहनों और मशीनों की लगातार आवाजाही के बीच श्रमिकों की सुरक्षा के लिए अपनाए जा रहे उपायों की भी ⏭ शेष पेज 2 पर

खास बात

- एसईसीएल दीपका के कलिंगा कंपनी में कार्य पर नियोजित था श्रमिक

खबर संक्षेप



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई महात्मा गांधी की जयंती

कोरबा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दीपका द्वारा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। मुख्य रूप से पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, तनवीर अहमद, दिलीप सिंह,विशाल शुक्ला, सूरज दास मानिकपुरी, रामकुमार कंवर, अनिरुद्ध सिंह, हर्षित देवी, कमलेश जायसवाल, अविनाश यादव, रामजय सिंह, आकाश साहू, तारकेश्वर मिश्रा, आशा रजक, अनीता तिवारी, फयाज अंसारी, रश्मि टोप्पो उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने मंत्री का जताया आभार



कोरबा। गत मार्च में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री लखन लाल देवांगन अखबार वितरक संघ के भवन विस्तार के लिए अपने मद से रूपए 10 लाख रूपए की घोषणा की थी, जिसकी स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। 10 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान करने के लिए संघ ने मंत्री लखन लाल देवांगन का कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया। संघ के सदस्य आज उनके निज निवास पहुंच कर अभिनंदन किया। इस दौरान पदम सिंह चंदेल, रेशम साहू, विपेन्द्र कुमार साहू, जय कुमार नेताम, लक्ष्मी राठौर, रामायण सिंह, अनिल गिरी, राय सिंह, दिलीप यादव, राकेश साहू, रविंदर, दीपक, कृष्णा निर्मलकर, विजय देवांगन, बजरंग यादव, दिलबाग, रंजीत पटेल, फिरत यादव, हर्ष नेताम, पप्पू, श्याम, लकी, निखिल, अर्जुन, ओमकार,चंद्र दादू पटेल, कुनाल, रमेश, कृष्ण सारथी, शिवम, असलम, नरेश कंवर, रवि, मुकेश कुमार, अमन, राहुल देवांगन उपस्थित रहे।

रन फॉर डीएवी का हुआ आयोजन



कोरबा। डीएवी विद्यालयों में आयोजित रन फॉर डीएवी कार्यक्रम के अंतर्गत डीएवी पब्लिक स्कूल गेवरा में उत्साह एवं उमंग के साथ दो किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया। साथ ही, एसीसीएल द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विजिलेंस अवेयरनेस की गतिविधि के रूप में भी इस दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य टीपी राव एवं एसईसीएल कार्मिक विभाग के प्रमुख श्रीमती सुधा मैडम द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। दौड़ की शुरुआत डीएवी पब्लिक स्कूल गेवरा से हुई। प्रतिभागियों ने वैष्णो देवी मंदिर होते हुए कल्याण मंडप तक लगभग दो किलोमीटर की दौड़ पूरी की। इस आयोजन में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के 250 से अधिक विद्यार्थियों तथा विद्यालय के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

यादव एकता मंच छत्तीसगढ़ की नई प्रबंधकारीणी बैठक संपन्न

कोरबा। यादव एकता मंच छग के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश प्रसाद यादव के बालको स्थित आवास परिसर में बैठक आहूत की गई। जिसमें नयी प्रबंधकारीणी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद यादव, सचिव सम्पत कुमार यादव, संयुक्त सचिव संतोष कुमार यादव, कोषाध्यक्ष तामेश्वर प्रसाद यादव, कार्यकारणी सदस्य सम्पत लाल, राम दीन यादव, पारसमणी यादव, धन्नू यादव, रमेश यादव, किशन लाल यादव, मृत्युंजय यादव, महेन्द्र यादव, मुकेश यादव, दुजराम यादव, हरि प्रसाद यादव, मनमोहन यादव, परदेशी यादव सहित अन्य उपस्थित रहे। बैठक में संस्था की उत्थान व विकास के लिए और संगठन में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के यादव बन्धुओं को जोड़ने के सदस्यता अभियान शुरू करने पर चर्चा व निर्णय लिया गया।

नगर पंचायत पाली में लगा सेवा सेतु शिविर, ग्रामीणों को सरकारी सेवाएं

पाली। नगर पंचायत पाली द्वारा 1 अक्टूबर को मंगल भवन में सेवा सेतु अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी और आवेदनों का मौके पर निराकरण किया। शिविर में नगर पंचायत को 18 मांग, 2 शिकायत, राजस्व विभाग को 15 नक्शा, खसरा, शिक्षा विभाग को 18 जाति प्रमाण पत्र और लोक सेवा केंद्र को 4 आधार कार्ड आवेदन प्राप्त हुए, जिनका तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल ने कहा कि सेवा सेतु अभियान का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सरलता से देना है। उन्होंने नागरिकों से ऐसे शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। शिविर में एसडीएम रोहित सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूर्णेंदु तिवारी, उपाध्यक्ष लखन प्रजापति, मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद चंद्रशेखर पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में मनाई गई महात्मा गांधी की जयंती

महात्मा गांधी को दुनियाभर में अहिंसा के लिए किया जाता है याद : महंत



महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गांधी चौक कोरबा, गांधी प्रतिमा बुधवारी, शास्त्री प्रतिमा कोसाबाड़ी एवं जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें स्मरण किया।

कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत ने कहा कि मोहन दास करमचंद गांधी, एक ऐसा नाम जो दुनियाभर में अपने दृढ़ निश्चय, सत्य के लिये अटल-अडिग और अहिंसा के रास्ते पर चलकर विजय हासिल करने के लिए जाना जाता है। उनके जीवन में कई उतार चढ़ाव आये, स्कूल में औसत विद्यार्थी होने के बावजूद उन्होंने भारत में ब्रिटिश शासन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। डॉ.महंत ने शास्त्री के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतन्त्रता की लड़ाई में शास्त्री जी ने मरो नहीं मारो का नारा दिया, जिसने पुरे देश में स्वतन्त्रता की ज्वाला को तीव्र कर दिया। शास्त्री जी एक गाँधीवादी नेता थे, जिन्होंने सम्पूर्ण जीवन देश और गरीबो की सेवा में लगा दिया। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि महात्मा गांधी सभी धर्मों के लिये सम्मान का रवैय्या और उनकी अच्छी बातों को समझने की इच्छा उनके दिमाग में प्रारंभिक जीवन में घर कर गई थी। उनके व्यक्तित्व के नैतिक प्रभाव और अहिंसा की तकनीक की तुलना नही की जा सकती और ना ही इसकी कीमत किसी देश या पीढ़ी तक सीमित है। यह मानवता के लिये उनका अविनाशी उपहार है। श्री अग्रवाल ने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा भारत में ब्रिटिश शासन का समर्थन कर रहे भारतीय राजाओं की महात्मा गांधी द्वारा की गई निंदा से अत्यंत प्रभावित हुए। लाल बहादुर शास्त्री जब केवल 11 वर्ष के थे, तब से ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर कुछ करने का मन बना लिया था। कार्यक्रम को रामपुर विधायक फुलसिंह राठिया, पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर, मनोज चौहान, प्रदेश कांग्रेस सचिव बीएन सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान, अजा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नारायण कुर्रे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, पूर्व सभापति संतोष राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष पालुराम साहू, एडी जोशी, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, पार्षद रवि चंदेल, अविनाश बंजारे, अनुज जायसवाल ने भी संबोधित किया।

लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी ने मनाई जयंती



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी द्वारा श्रद्धा एवं सम्मान के साथ जयंती समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के प्रतिष्ठान में आयोजित हुआ, जिसमें क्लब के सभी सदस्यों ने उपस्थित होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर रीजन पीआरओ व क्लब संरक्षक अजय धनोंदिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करने के साथ हुई। इस अवसर पर रीजन पीआरओ अजय धनोंदिया ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने स्वतंत्रता आंदोलन के समय थे। सत्य, अहिंसा, प्रेम, आपसी भाईचारा और मानवता उनके जीवन के मूल सिद्धांत रहे हैं। वर्तमान समय में उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में व्याप्त भेदभाव, वैमनस्य और अशांति को दूर करने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा सकते हैं। गांधी जी का जीवन हमें सिखाता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, सत्य के प्रति निष्ठा और अहिंसा के मार्ग पर चलकर बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

उद्योग मंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने बुधवारी बाजार स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा और कोसाबाड़ी चौक स्थित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मंत्री श्री देवांगन ने इस अवसर पर महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के 'जय जवान-जय किसान' संदेश का स्मरण किया। कार्यक्रमों में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, गोपाल मोदी, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास और पंकज देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

जेल में न्यायाधीशों ने बताये जीवन बदलने के मंत्र



महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा जिला जेल कोरबा में न्यायाधीशों की उपस्थिति में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती गरिमा शर्मा, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री सुनील कुमार नंदे एवं जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ. टी. सी सुश्री सीमा प्रताप चन्द्रा की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ । प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती गरिमा शर्मा, ने अपने उद्बोधन में जेल में निरूद्ध बंदियों को संबोधित करते हुए बताया कि जेल में रहने के दौरान या जेल से बाहर जाने के पश्चात आपके मन को धैर्य विवेक संग सही ढंग से नियंत्रण में रखना आवश्यक है । महात्मा गांधी के जीवन से यह सीखने योग्य है कि गलतियां करना मनुष्य का स्वाभाव है परंतु उससे सीख लेना बहुत ही आवश्यक है क्योकि आपका परिवार बहुत ही आशा के साथ आपका इंतजार करता है तथा आप अपने सकारात्मक विचारों एवं संकल्प के साथ जीवन की नई शुरूवात करते हैं। आज का यह दिवस एक संकल्प की ओर इंगित करता है। संकल्प यह है कि जो गलती हो गई है उसे सुधार कर सही दिशा में सकारात्मक कार्य की ओर अग्रसर होना है। तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री सुनील कुमार नंदे ने अपने प्रेरक उदबोधन में निरूद्ध बंदियों को आचरण व व्यवहार में सुधार करने हुए प्रेरित करते हुए कहा कि जिससे वे समाज में पुनः सशक्त व आत्मनिर्भर बन सके तथा आगे के जीवन को अच्छा बनाने के संबंध सोच कर रखिये। मान लिजिए यहां पर हम अपनी गलती से आये है और प्रायश्चित करने के तुरंत बाद जब हम बाहर जायेंगें तो समाज हमको उसी रूप में स्वीकार कर लेगा । जैसे हम पहले थे । यहां रहते हुए ये मत सोचिए कि आज हम जिस अपराध में आए है आगे उससे बड़ा अपराध करके आएगें। अपराध का यही त्याग कीजिए। गलती का प्रायश्चित किजिए और आगे बढ़िये ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बालिका गृह में मानसिक स्वच्छता का पढ़ाया पाठ



गांधी जयंती के अवसर पर बालिका गृह कोरबा में विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया, उक्त शिविर मे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा बालिका गृह में आवासित बालिकाओं को जागरूक एवं सशक्त बनाने तथा समाज में न्याय एवं समानता की भावना को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। कु. ग्रेसी सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में बच्चों के पढ़ाई पर विषेश ध्यान देने हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा उनके द्वारा बताया गया कि 2 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के बताये मार्ग को अपने जीवन में उतारने का महत्वपूर्ण दिन है देश को स्वतंत्र कराने के संघर्ष में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपरोक्त कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा एवं कु.ग्रेसी सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा, कु. त्रिप्ति अग्रवाल द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, कु. प्रिया सोमावार, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश कोरबा बालिका गृह की अधिक्षिका, समस्त स्टाफ एवं 50 बालिकाए उपस्थित रहे ।

बालक गृह में विधिक जागरूकता शिविर



गांधी जयंती के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया उपरोक्त कार्यक्रम में कु. ग्रेसी सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा के द्वारा उपस्थित बच्चों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी प्रकार की समस्या अथवा कठिनाई होने पर उचित माध्यम से सहायता प्राप्त करने के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम में बालक गृह के बच्चों द्वारा महात्मा गांधी के विचारों, सत्य, अहिंसा एवं शांति के संदेश पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा अच्छे संस्कारों, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, कु. ग्रेसी सिंह न्यायिक मजिस्ट्रे प्रथम श्रेणी कोरबा, बालक गृह के अधीक्षक समस्त स्टॉफ एवं 33 बच्चे उपस्थित रहे। पैरालीगल वॉलेण्टियर्स रमाकांत दुबे उपस्थित रहे।

पंचायत भवन में ग्राम सभा आयोजन कर मनाया गया गांधी जयंती



हरदीबाजार पंचायत भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैत्य चित्र की पूजा-अर्चना जयंती मनाया गया। वहीं ग्राम सभा का आयोजन को शासन के निर्देशानुसार मनाने के लिए सभा प्रमुख रामप्रताप ओढ़े को बनाया गया। जिनके द्वारा ग्राम सभा आरंभ हुई ग्राम सभा में सचिव बिसाहू राज ने पंचायत अंतर्गत हुए विकास कार्यों जैसे, नल-जल योजना,पानी सप्लाई,बस स्टैंड,आम बाजार की साफ-सफाई, मुख्य सड़क के दो स्थानों की साफ-सफाई, आंगनबाड़ी भवनों व अन्य भवनों में विधुत कनेक्शन,स्टेशनरी ख़र्च, दो भवनों का निर्माण पूर्णता की जानकारी सहित अन्य शासन की योजनाओं की जानकारी ग्रामसभा में साझा की गई। इस दौरान सरपंच लोकेश्वर कंवर उपसरपंच, श्रीमती रेखा जायसवाल, पटवारी शिवलाल भगत, पंच प्रियंका जायसवाल, इंद्रभूषण ओढ़े, राजेन्द्र जगत, ममता ओग्रे, श्याम रात्रे, मनमोहन खांडे,प्रदीप राठौर, उमेश राठौर, रमेश अहीर, बाबूराम राठौर, प्रेम डिक्सेना, रामू जायसवाल, राजेश जायसवाल, जगदीश अग्रवाल, राजाराम राठौर, दिलीप राठौर, राकेशओग्रे ,कोटवार लखन दास महंत, आवेद मेमन, श्रीमती राधा जायसवाल एवं सुक्रिता कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए थे।

न्यायाधीशों ने बंदियों को बताये जीवन परिवर्तन के मंत्र



गांधी जयंती के अवसर पर उप जेल कटघोरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, उपलब्ध विधिक सहायता एवं न्यायिक प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर बंदियों द्वारा रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। रंगोली कार्यक्रम के माध्यम से बंदियों में सकारात्मक सोच, रचनात्मकता एवं आपसी सद्भाव को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में बंदियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं शांति के आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर प्रदान किया । निर्मित रंगोलियों का न्यायाधीशों द्वारा निरीक्षण किया गया तथा बंदियों द्वारा प्रस्तुत रचनात्मक गतिविधि की सराहना की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में श्री शीलू सिंह द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा, श्री हेमंत रात्रे तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश, श्री लोकेश पटले प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, कुव रंजू वैष्णव प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, न्यायाधीश प्रेरणा वर्मा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, एवं अधिवक्ता खेमचंद नामदेव सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती सीमा उराव एवं पैरालीगल वॉलेण्टियर्स तलवीर सिंह उपस्थित रहे ।

गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा व स्पेशल कैंपेन 6 के तहत हैप्पी रन का हुआ आयोजन



गांधी जयंती के अवसर पर एसईसीएल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं स्पेशल कैंपेन 6.0 के अंतर्गत वसंत विहार कॉलोनी से स्वच्छता ही सेवा हैप्पी रन आयोजित की गई, जिसमें एसईसीएल के निदेशक मंडल से बिरंची दास निदेशक मानव संसाधन, डी सुनील कुमार निदेशक वित्त, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। हैप्पी रन वसंत विहार कॉलोनी से प्रारंभ होकर एसईसीएल मुख्यालय, नेहरू शताब्दी नगर स्थित गांधी उद्यान में संपन्न हुई। गांधी उद्यान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन शामिल हुए। इस अवसर पर निदेशक मंडल के सदस्य, मुख्य सतर्कता अधिकारी, विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ हुई। इसके पश्चात स्वच्छता ही सेवा एवं स्पेशल कैंपेन 6 के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत गांधी उद्यान परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। प्रतिभागियों ने स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा प्रति वर्ष 100 घंटे अर्थात प्रति सप्ताह दो घंटे श्रमदान कर स्वच्छता के लिए समय समर्पित करने का संकल्प लिया।

गांधी जयंती के अवसर पर हुआ सद्भावना क्रिकेट मैच



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर एसईसीएल सीडब्ल्यूएस सीएस के ऑफिसर्स कॉलोनी क्रिकेट ग्राउंड में जीएम 11 और जेसीसी 11 के बीच एक दोस्ताना और रोमांचक सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारा, सद्भाव और खेल भावना को बढ़ावा देना था। आयोजन में मुख्य महाप्रबंधक जीके द्विवेदी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। 10-10 ओवर के इस मुकाबले में जेसीसी 11 के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जेसीसी 11 की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 74 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। जेसीसी 11 की ओर से दिलीप सिंह, एनके साव, राजेंद्र यादव, राजेश पांडेय, भोजराम जी, मुरारी लाल और डीपी सिंह ने बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं जीएम 11 के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी का मुजाहिरा किया। मुख्य महाप्रबंधक जीके द्विवेदी ने 1 विकेट हासिल किया। इसके अलावा श्री पराशर ने 2 विकेट, श्री सैनी ने 2 विकेट, स्पोर्ट्स ऑफिसर मनोज जैन ने 2 विकेट तथा श्री मैना और श्री नीरज ने 1-1 विकेट चटकाए। स्पोर्ट्स ऑफिसर मनोज जैन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र एक ही ओवर में 35 रन ठोक दिए और मैच को एकतरफा बनाकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। अंत में आशुतोष ने शानदार छक्का जड़कर जीएम 11 को आसान व यादगार जीत दिला दी। 2 महत्वपूर्ण विकेट लेने तथा मात्र 1 ओवर में धुआंधार 35 रन बनाने वाले मनोज जैन को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

कायस्थ समाज ने शास्त्री की मनाई जयंती



शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कायस्थ समाज के पदाधिकारी।

कोरबा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर कायस्थ समाज कोरबा के सदस्यों ने कोसाबाडी चौक पर स्थित शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाज एंव देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव राकेश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष मिथलेश वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष भारत प्रसाद, सचिव राजेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रंजित सिन्हा, अंकित वर्मा, अमित श्रीवास्तव, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डा अरुणेश सक्सेना, महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष आभा प्रसाद, सचिव ममता श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में चित्रांशजन उपस्थित रहे।

तिलक भवन में नमन किये गये गांधी व शास्त्री



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को कोरबा प्रेस क्लब व पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, कोरबा द्वारा उन्हें नमन किया गया। इस दौरान दोनों संस्था के पदाधिकारियों समेत कार्यकारिणी एवं सदस्य उपस्थित रहें।

गांधी जयंती पर किया गया श्रमदान

गाँधी जयन्ती के अवसर पर जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत तुमान में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत प्रातः 8 बजे आदि शक्ति मां तुमान दाई मंदिर परिसर मंर स्वच्छता साफ़ सफाई, वृक्षारोपण व स्वच्छता दीदियों को डॉ.पवन कुमार सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा द्वारा सम्मानित किया गया। श्रमदान व वृक्षारोपण कार्यक्रम में श्रीमती माधुरी देवी तंवर, अध्यक्ष जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा चतुरभुवन नायक जनपद सदस्य व मंडल अध्यक्ष, खगेश निर्मलकर सीईओ पोड़ी उपरोड़ा सहित जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, स्वच्छाग्राही व महिला स्व समूह के सदस्य व ग्रामीणजन भारी संख्या में भाग लिए।

गांधी जयंती पर औद्योगिक क्षेत्र कोरबा में लगाए गए 100 पौधे



गांधी जयंती के अवसर पर जिला उद्योग संघ द्वारा आज औद्योगिक क्षेत्र कोरबा में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने फलदार पौधा लगाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने की। इस अवसर पर औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 100 पौधे लगाए गए। मंत्री श्री देवांगन ने उपस्थित लोगों को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल कर उसे संरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, सचिव संतोष खरे, संरक्षक मुरलीधर माखिजा, भाटिया, वार्ड पार्षद तथा औद्योगिक क्षेत्र की इकाइयों के संचालक एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोरबा के महाप्रबंधक ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

ढेलवाडीह में स्वच्छता श्रमदान, पौधरोपण व स्वच्छाग्रहियों का किया गया सम्मान



कटघोरा- सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत 2 अक्टूबर को गाँधी जयन्ती के अवसर पर जनपद पंचायत कटघोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत ढेलवाडीह में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत कचरा छटाई शेड व साप्ताहिक बाजार में स्वच्छता साफ़ सफाई , पौधारोपण व स्वच्छता दीदीयों को श्रीमति झूल बाई कंवर , अध्यक्ष जनपद पंचायत कटघोरा व अन्य अतिथियों के कर कमलो से श्रीफल, साड़ी व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। श्रमदान व वृक्षारोपण कार्यक्रम में श्रीमती झूल बाई कंवर अध्यक्ष जनपद पंचायत कटघोरा, गोविंद सिंह कंवर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जनपद कटघोरा, भागवत साहू जनपद सदस्य ढेलवाडीह, के के श्रीवास सीईओ जनपद पंचायत कटघोरा, श्रीमती कौशिल्या कंवर सरपंच ढेलवाडीह, उपअभियंता आर ई एस टेकाम, कार्यक्रम अधिकारी योगेश चन्द्रा, बी सी स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.), सहायक विकास विस्तार अधिकारी द्वय आर के शिवालय, शिवशंकर मरकाम, एन आर एल एम क्षेत्रीय समन्वयक कमलकांत कश्यप, पंचायत सचिव पवन गुप्ता, उपसरपंच मुकेश सिंह उसरवार्षा, रोजगार सहायक वसुंधरा चौहान, महिला स्व सहायता समूह अध्यक्ष द्वय संतोषी यादव, गुलशन निशा, स्वच्छाग्राही व महिला स्व सहायता समूह के सदस्य व ग्रामीणजन भारी संख्या में उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में खुशी ने लहराया परचम

कोरबा। सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा चाम्पा-जांजगीर जिले के अकलतरा में



आयोजित कोरबा विभाग प्रश्न मंच एवं संस्कृति महोत्सव-2026 में आयोजित शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में खुशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभागीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र एवं संस्था का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में खुशी ने अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुति, भाव-भंगिमा, लय-ताल और कला-कौशल से निर्णायकों को प्रभावित किया। उनकी मनमोहक प्रस्तुति को उपस्थित दर्शकों ने भी खूब सराहा। खुशी की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सफलता खुशी की मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

निगम क्षेत्र में लगेगें सेवा सेतु अभियान के तहत शिविर

कोरबा। नगर पालिक निगम द्वारा विभिन्न जोनांतर्गत सेवा संकल्प अभियान-अंतर्गत सेवा हेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन निगम क्षेत्र के विभिन्न जोनों में आयोजित किये जायेंगे, इस कड़ी में प्रथम दिवस 3 अक्टूबर को टीपी नगर जोन में शिविर आयोजित किया गया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न जोन में निर्धारित तिथियों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इन शिविर का आयोजन 3 अक्टूबर को परिवहन नगर जोन में, 6 अक्टूबर कोरबा जोन में, 8 अक्टूबर कोसाबाडी जोन में आयोजन होगा।

पृष्ठ 1 का शेष

खाद्य एवं औषधि..

निरीक्षण के दौरान औषधि गुणवत्ता जांच हेतु मेसर्स मोदी फार्मा, दर्री रोड, पोंड़ीउपरोड़ा ब्लॉक स्थित मेसर्स आकाश मेडिकल स्टोर्स, दीपका क्षेत्र स्थित मेसर्स लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स प्रगति नगर से एंटीबायोटिक, पेनकिलर एवं विटामिन संबधित औषधियों का प्रयोगशाला जांच हेतु नमूना संकलन किया गया। किये गये निरीक्षण के अनुसार, मेसर्स सोना मेडिकल स्टोर्स बतारी हरदी बाजार, मेसर्स साहू मेडिकोज दर्री, मेसर्स सपना मेडीकल स्टोर्स एनटीपीसी हास्पीटल कैंपस, मेसर्स वर्षा केमिस्ट जेलगांव, मेसर्स हनुमान मेडिकल स्टोर्स जेलगांव, को शेड्यल एच और अन्य दवाओ की खरीदी बिक्री से संबधित दस्तावेजों अनियमितताओं के कारण कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। एवं मेसर्स धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स, पुराना बस स्टैंड का औषधि अनुज्ञप्ति का निलंबन किया गया। ज्ञात हो कि औषधि नियम के अनुसार नशे के रूप दुरूपयोग होने वाली औषधियों को बिना प्रिस्क्रीपसन के बिक्री किया जाना पूर्णरूपेण प्रतिबंधित है। जिले में संचालित मेंडिकल स्टोर्स में औषधियों की गुणवत्ता, खरीदी ब्रिकी, दस्तावेजो के सत्यापन एवं नशीली दवाओं के अवैध विक्रय में नियंत्रण हेतु सघन निरीक्षण प्रतिमाह किया जा रहा है। जिले के समस्त ब्लाकों के मेडिकल स्टोर्स के आगामी समय में इसी प्रकार जिला प्रशासन के साथ, औषधि विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा सयुक्त रूप से चरणबद्व तरिकों से कार्यवाही की जावेगी। ताकि जनसाधरण केा गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित औषधियो उपलब्ध हो सके सभी मेडिकल संचालको को निर्देशित किया गया है कि दवाइयों की खरीदी बिक्री से संबधित समस्त दस्तावेजो को नियमानुसार संधारण करे और केवल मानक और प्रमाणित दवाओ की बिक्री करे साथ ही शेड्यूल एच, नार्काटिक दवाए और एमटीपी किट जैसी औषधियो का विक्रय केवल पंजीकृत डाक्टर के प्रसक्रिप्शन पर ही करे।

दीपका में...

शैली व अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। जबकि शैली की शिकायत पर पंकज सहित अन्य लोगों के खिलाफ काउंटर मामला दर्ज किया गया है।

वोल्वो की...

जांच की जाएगी। हादसे की सूचना के बाद खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीडीएमएस) की टीम शुक्रवार को बिलासपुर से दीपका पहुंचेगी। टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे के कारणों और सुरक्षा मानकों के पालन की जांच करेगी। इधर कलिंगा कार्पोरेशन के मानव संसाधन प्रमुख विकास दुबे ने बताया कि नियमानुसार मृतक के परिजन को 15 लाख रुपये का आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा। इसका लिखित आश्वासन परिजन को दिया गया है।

निधन

नेल्सन मसीह



कोरबा। सामाजिक संस्था श्रोत के संस्थापक डिक्सन मसीह के पिता नेल्सन मसीह (78 वर्ष) का गुरुवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार मेनोनाइट चर्च मिशन रोड कोरबा के ग्रेव्यार्ड में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवार एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

पूरे प्रदेश से विभिन्न विभागों के हजारों कर्मचारी हुए शामिल

भारतीय मजदूर संघ का विद्युत कंपनी मुख्यालय में एकदिवसीय महारैली एवं धरना प्रदर्शन





महारैली व धरना में शामिल बीएमएस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा राजधानी रायपुर में श्रमिकों के विभिन्न मांगो की प्रतिपूर्ति एवं समस्याओं के निराकरण हेतु महारैली एवं धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। भारतीय मजदूर संघ के विशाल धरना प्रदर्शन के मद्देनजर राज्य सरकार ने भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधियों को बैठक हेतु आमंत्रित किया। बैठक में श्रमिकों एवं कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सरकार के साथ गंभीरतापूर्वक एवं सकारात्मक चर्चा हुई।

चर्चा के दौरान विशेष रूप से विद्युत कर्मियों की पुरानी पेंशन योजना बहाली तथा संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मध्यान भोजन एवं आशा वर्कर के मानदेय वृद्धि सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से रखा गया। विद्युत कर्मियों की प्रमुख मांग पुरानी पेंशन योजना लागू करने के संबंध में सरकार की ओर से सकारात्मक रुख व्यक्त किया गया। चर्चा के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि जब राज्य सरकार के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है, तो विद्युत कर्मियों के लिए भी पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएगी। हालांकि, इसे लागू करने की प्रक्रिया में कुछ तकनीकी कारणों एवं आवश्यक औपचारिकताओं के कारण सरकार ने कुछ समय मांगा है। सरकार की ओर से इस दिशा में आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया। पॉवर कंपनी में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग भी चर्चा में प्रमुखता से रखी गई। इस पर सरकार की ओर से मध्यप्रदेश में संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंधी आदेश एवं व्यवस्था का अध्ययन कर छत्तीसगढ़ में भी उचित निर्णय लेते हुए नियमितीकरण का मार्ग प्रशस्त करने की बात कही गई। भारतीय मजदूर संघ पूरे प्रदेश के आंगनबाड़ी, मध्यान्ह भोजन कार्यकर्ता, आशा वर्कर एवं अन्य कर्मचारियों के मानदेय वृद्धि एवं सामाजिक सुरक्षा हेतु लगातार शासन के समक्ष मांग रखता आया है। भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधियों के द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के समक्ष बैठक में इस विषय को प्रमुखता से उठाया गया परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मध्यान्ह भोजन कार्यकर्ता एवं आशा वर्कर के मानदेय वृद्धि हेतु सहमति बनी और शीघ्र मानदेय वृद्धि लागू करने आश्वस्त किया गया। भारतीय मजदूर संघ ने स्पष्ट किया कि विद्युत सहित विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर संगठन लगातार प्रयासरत रहेगा तथा सरकार के साथ हुई चर्चा के आधार पर मांगों के निराकरण की प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी। महारैली एवं धरना प्रदर्शन में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में श्रमिकों, कर्मचारियों एवं विभिन्न संगठनों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के माध्यम से श्रमिकों की विभिन्न मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा गया। भारतीय मजदूर संघ ने सरकार द्वारा मांगों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा एवं सकारात्मक पहल का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की है कि संबंधित मांगों पर शीघ्र ठोस एवं सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

आंगनबाड़ी केंद्रों में स्नेह और संस्कार का उत्सव सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेक्टर मुड़ापार के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन का उत्सव कार्यक्रम उत्साह और आत्मीयता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े बच्चों, माताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित करना तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सेवाभाव को सम्मान देना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. विजय राठौर रहे। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका और बच्चों के प्रारंभिक विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों की देखभाल और पोषण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बच्चों के संस्कार, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा की नींव मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में दुर्गेश कश्यप, सरपंच ग्राम पं. मुड़ापार श्रीमति सिल्की कुंवर सिंह राज,भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रभाकर कौशिक, लक्ष्मी श्रीवास, टीकानंद पांडेय, अजय धीवर, श्याम धीवर एवं रामबिहारी राठौर सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की सहभागिता रही। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में उषा साहू, बसंत कुर्रे, हीरा रात्रे, अमृत रात्रे, राखी, पुस्तिका, उत्तरी, अनिता, संगीता राठौर, सीता चौहान, सरिता लदेर, बद्रिका कौशिक, शकुंतला, शुभद्रा चंद्रमा उपस्थित रहीं। वहीं आंगनबाड़ी सहायिकाओं में मोनिका राज, मंजूषा राज, उषा श्रीवास, सुदामा साहू, खेमौती साहू, अनिता चंदेल एवं रामप्यारी ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मितानिन श्रीमती गायत्री सारथी की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, देखभाल एवं संस्कार से जुड़ी गतिविधियों पर चर्चा की गई। उपस्थित अतिथियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों एवं माताओं के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

नन्हे-मुन्नों की रंगों की कला से लेकर महिलाओं की आंख मिचौली व कुर्सी दौड़ तक दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा द्वारा समाज के महाराजा अग्रसेन जयंती के खेल महाकुम्भ में अयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा आँख मिचौली, कुर्सी दौड एवं अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा छोटी उंगली बडे रंग, पेन्सील का हुनर, रंगो का कमाल, फुड विदआउट फायर का अयोजन किया गया ।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया जैसा कि आप सभी को विदित है अग्रसेन जयंती महोत्सव का कार्यक्रम अत्यंत उत्साह से चल रहा है जिसमें महिलाएं एवं बच्चे भारी संख्या में भाग ले रहे है एवं सहयोग राशि का संकलण का कार्य निरतंर जारी है हमारे सभी प्रतिनिधि इस सेवा कार्य में सक्रिय रूप से जुडे हुए है यदि किसी कारण वश हमारे प्रतिनिधि आप तक सहयोग राशि संकलन हेतु नहीं पहुच पाये हो तो आप अपनी सुविधा अनुसार अग्रसेन भवन में या हमारे किसी क्षेत्रिए प्रतिनिधि के पास सहयोग राशि जमा कर सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। कला के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से छोटी उंगली बड़े रंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को अपनी कल्पनाशीलता, रंगों के प्रति समझ और कलात्मक कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिला। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को विकसित करना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने के लिए एक मंच प्रदान करना था। कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने एवं उनमें रचनात्मकता विकसित करने के उद्देश्य से पेंसिल का हुनर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में बच्चों ने पेंसिल के माध्यम से





चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते समाज के प्रतिभागी।

आकर्षक डिजाइन एवं कलात्मक आकृतियां बनाकर अपनी हुनर और कल्पनाशीलता का शानदार प्रदर्शन किया। पेंसिल की बारीक रेखाओं और विभिन्न डिजाइनों के जरिए विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा को कागज पर उकेरा। बच्चों ने पूरे उत्साह और लगन के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। रंगों के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से रंगों का कमाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा 2 तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए आयोजित की गई। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए फूड विदाउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी पाक कला का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने बिना आग का उपयोग किए विभिन्न स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजन तैयार किए। व्यंजनों की साज-सज्जा, रंगों का सुंदर संयोजन और प्रस्तुतिकरण देखते ही बन रहा था। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और सूझबूझ से साधारण खाद्य सामग्री को भी आकर्षक व्यंजनों का रूप दिया। विभिन्न व्यंजनों की खुशबू और उनकी मनमोहक सजावट ने प्रतियोगिता को खास बना दिया।

दौड़, धीमी साइकिल रेस, धीमी स्कूटी रेस, सहित आठ रोचक प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में कटघोरा के अग्रवाल समाज में उत्सव और उमंग का माहौल बना हुआ है। जयंती के पूर्व विभिन्न मनोरंजक एवं खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की कड़ी में 2 अक्टूबर को अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल कटघोरा के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन के प्रांगण में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान दौड़ सौ मीटर बालक एवं बालिका वर्ग, धीमी साइकिल रेस बॉलक एवं बॉलिका वर्ग, धीमी स्कूटी रेस बॉलक एव बॉलिका वर्ग, कुकड़ू-कूं तथा एक मिनट जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं को लेकर बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला, वहीं समाज के अन्य सदस्यों ने भी उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अग्रसेन भवन का प्रांगण पूरे आयोजन के दौरान उल्लास, मनोरंजन और खेल भावना से सराबोर रहा। आयोजन के अंतर्गत 100 मीटर दौड़ को बालक एवं बालिका वर्ग में 2 भागो में आयोजित किया गया 0 से 5 वर्ष व 6 से 10 वर्ष दोनों वर्गों के प्रतिभागियों ने अपनी गति और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।





स्कूटी व साइकिल रेस में भाग लेते प्रतिभागी।

धीमी साइकिल रेस बनी आकर्षण का केंद्र

धीमी साइकिल रेस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में तेज गति से आगे बढ़ने के बजाय संतुलन बनाए रखते हुए धीरे-धीरे साइकिल चलाना चुनौतीपूर्ण रहा। इस प्रतियोगिता में सर्वप्रथम बॉलक वर्ग में लक्ष्य अग्रवाल पिता राजेश अग्रवाल विजेता रहे। वहीं बॉलिका वर्ग में कु भूमिजा अग्रवाल पिता आशीष अग्रवाल प्रथम व कु अंशिका अग्रवाल पिता भागवत अग्रवाल द्वितीय रही।

धीमी स्कूटी रेस में संतुलन और नियंत्रण की परीक्षा

कार्यक्रम की एक अन्य आकर्षक प्रतियोगिता धीमी स्कूटी रेस रही, जिसे बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों को स्कूटी की गति नियंत्रित रखते हुए संतुलन और कौशल का प्रदर्शन करना था। जिसमें सर्वप्रथम बॉलक वर्ग में वेदांत अग्रवाल पिता जयप्रकाश अग्रवाल प्रथम व आयुष अग्रवाल पिता धर्मेन्द्र अग्रवाल द्वितीय रहे वही बॉलिका वर्ग में कु अविका अग्रवाल पिता विकास अग्रवाल प्रथम व श्रीमती कोमल सिंघानिया पति हिमांशु सिंघानिया द्वितीय रहे।

दौड़ के दौरान प्रतिभागियों के बीच उत्साहपूर्ण मुकाबला देखने को मिला। दर्शकों ने तालियों के साथ बच्चों का मनोबल बढ़ाया। इस प्रतियोगिता ने बच्चों में खेलों के प्रति रुचि और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया। जिसमे बॉलक वर्ग 0 से 5 वर्ष में अनजाने मित्तल पिता अर्पित मित्तल प्रथम व अयांश अग्रवाल पिता पंकजअग्रवाल द्वितीय रहे 6 से 10 वर्ष में सोम अग्रवाल पिता कृति अग्रवाल प्रथम व शाश्वत अग्रवाल पिता मुकेश अग्रवाल द्वितीय रहे वही बॉलिका वर्ग 0 से 5 वर्ष में कु आकृति अग्रवाल पिता त्रिलोक अग्रवाल प्रथम व कु आन्या अग्रवाल पिता लक्ष्मी अग्रवाल द्वितीय रहे ततपश्चात 6 से 10 वर्ष में कु सुधा अग्रवाल पिता प्रकाश अग्रवाल प्रथम व कु अन्वी अग्रवाल पिता मनदीप अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे। समस्त प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

कुकड़ू-कूं प्रतियोगिता ने बढ़ाया मनोरंजन

खेल प्रतियोगिताओं के साथ मनोरंजन का रंग भरने के लिए कुकड़ू-कूं प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित लोगों के बीच हंसी-खुशी का माहौल बना रहा। इस आयोजन में श्रीमती आँचल सिंघल पति हिमांशु सिंघल ने प्रथम व श्रीमती कोमल सिंघानिया पति हिमांशु सिंघानिया द्वितीय रही।

एक मिनट प्रतियोगिता में भी दिखा उत्साह

आयोजन के अंतर्गत एक मिनट प्रतियोगिता भी रखी गई, जिसमें प्रतिभागियों को निर्धारित समय में अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। इस तरह की प्रतियोगिताएं प्रतिभागियों में एकाग्रता, तत्परता और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करती हैं। प्रतियोगिता में कु मुस्कान अग्रवाल पिता विजय अग्रवाल प्रथम व कु पूर्वी गर्ग पिता लक्ष्मी गर्ग द्वितीय स्थान पर रही।

नेवसा के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम नेवसा के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन का उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों हे जुड़े बच्चों, माताओं कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के बीच संवाद और सहभागिता को बढ़ावा देना। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा एवं संस्कार के लिए सेवाएं दे रहे कार्यकर्ताओं के सेवाभाव के लिए उन्हें साम्मानित करना। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को उनके सेवाकाल और योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ विजय राठौर ने आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों की देखभाल और पोषण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के प्रारंभिक विकास, स्वास्थ्य, संस्कार और प्रारंभिक शिक्षा की मज़बूत नींव तैयार करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही शिक्षा,पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ता है। इस दौरान सरपंच श्रीमती शारदा देवी, भाजपा प्रदेश सहसंयोजक चुलेश्वर राठौर, रामबिहारी राठौर, उपसरपंच नाजिम खान, रफिक खान, बूंद कुंवर, शिवलाल यादव, कार्यकर्ता उर्वशी राठौर, गीता राठौर, समीना परवीन आदि उपस्थित थे।

प्रीमियम वाइन शॉप में डिजिटल पेमेंट का आगाज, पहले ही दिन हुई बंपर बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य की प्रीमियम शराब दुकानों में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए 1 अक्टूबर से नगद भुगतान की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। अब उपभोक्ता केवल ऑनलाइन माध्यमों से ही मदिरा क्रय कर रहे हैं। जिसके तहत शहर की एक मात्र दुकान जहां ऑनलाइन पद्धति से बिक्री हो रही है जहां पहले दिन ही बंपर शराब की बिक्री हुई है।

शासन के इस फैसले का असर शहर के टीपी नगर स्थित प्रीमियम वाइन शॉप में पहले ही दिन देखने को मिला, जहां नए नियम लागू होते ही मदिरा प्रेमियों ने ऑनलाइन माध्यम से जमकर खरीदारी की। डिजिटल सिस्टम लागू होने के पहले ही दिन इस दुकान से लगभग 10 लाख 34 हजार 600 की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की



फाइल फोटो

गई। सामान्य दिनों में इस प्रीमियम शराब दुकान की दैनिक बिक्री का अनुमानित आंकड़ा लगभग 5 लाख रहता था, लेकिन 1 अक्टूबर को ऑनलाइन भुगतान लागू होते ही यह आंकड़ा दोगुने से भी अधिक हो गया। आबकारी विभाग के अधिकारियों के अनुसार, 2 अक्टूबर को ड्राई डे होने के कारण दुकान बंद रहनी थी। इस वजह से 1 अक्टूबर को खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी।

पहले ही दिन स्थानीय बार संचालकों द्वारा भी इसी प्रीमियम दुकान से ऑनलाइन माध्यम का उपयोग करते हुए बड़ी मात्रा में मदिरा का स्टॉक खरीदा गया, जिससे कुल बिक्री के आंकड़े में भारी उछाल आया। आबकारी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पहले दिन नई व्यवस्था को लेकर ग्राहकों में काफी उत्साह देखा गया और डिजिटल भुगतान प्रक्रिया पूरी तरह सुचारू रही। हालांकि, आने वाले 2-4 दिनों में दैनिक बिक्री के आंकड़े सामने आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि कैशलेस व्यवस्था लागू होने के बाद औसतन कितनी ऑनलाइन बिक्री बनी रहती है।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गारंटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार
25 वर्षों से स्थाई के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी-विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है
माँ सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा, मो. 90746 65998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP MEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY) केवल 12वीं पास (बायो विषय अनिवार्य) व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष प्रशिक्षण
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन) (2 वर्ष)
O.T. TECHNICIAN (ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन) (1 वर्ष)
X-RAY TECHNICIAN (एक्स-रे टेक्निशियन) (2 वर्ष)
CMS & ED (कम्युनिटी मेडिकल सर्विसेज & इमरजेंसी टेक्नीशियन) (1.5 वर्ष)
8770020185
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोशाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान के तहत 15 स्थलों पर होंगे नुक्कड़ नाटक

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के निर्धारित विद्यालयों में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 3 अक्टूबर को आठ और 6 अक्टूबर को सात स्थलों पर कार्यक्रम होंगे। 3 अक्टूबर को पीएमश्री सेजेस बालको, करतला, तिलकेजा एवं पोड़ी-उपरोड़ा, सेजेस अंग्रेजी माध्यम पाली, सेजेस कन्या साड़ा तथा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भैसमा एवं सरगबुंदिया में नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे। 6 अक्टूबर को सेजेस एनसीडीसी कोरबा, सेजेस कटघोरा, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर एवं कन्या कटघोरा, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेन्द्रीपाली, सेजेस हिन्दी माध्यम मुनगाडीह तथा पीएमश्री सेजेस पोड़ी-उपरोड़ा में आयोजन होगा।

वृद्धजन सम्मान कार्यक्रम में नोनी बाई को मिला सहारे का संबल

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा मेरा योगदान' पहल के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वरिष्ठ एवं वृद्धजनों के सम्मान के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जरूरतमंद वरिष्ठजनों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायक उपकरण भी प्रदान किए गए। इसी क्रम में नगर के स्नेह सदन वृद्धाश्रम में निवासरत नोनी बाई को श्रवण यंत्र एवं छड़ी प्रदान की गई। नोनी बाई ने बताया कि उम्र बढ़ने के साथ उनकी सुनने की क्षमता धीरे-धीरे कम हो गई थी। लोगों से बातचीत करने और आसपास की बातें सुनने में उन्हें परेशानी होती थी। इसके साथ ही चलने-फिरने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। ऐसे में श्रवण यंत्र और छड़ी उनके लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि श्रवण यंत्र मिलने से अब उन्हें सुनने में काफी सहूलियत होगी, वहीं छड़ी चलने-फिरने में उनका सहारा बनेगी। इससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी पहले की अपेक्षा अधिक सहज और सुविधाजनक होगी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर उनका और अन्य वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाना उनके लिए भावुक और सुखद अनुभव रहा। सम्मान के साथ मिली यह सहायता उनके लिए विशेष महत्व रखती है।

निगम सभागार में आयोजित हुआ साइबर चौपाल एवं रक्तदान शिविर

साइबर चौपाल के तहत एसपी सहित अन्य अफसरों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के नेतृत्व में नगर निगम के सभागार में साइबर चौपाल एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सेवा एवं जनहित की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने स्वयं रक्तदान कर आम नागरिकों एवं पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक सेवा है। रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है और हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने आम नागरिकों, पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी ने भी स्वयं रक्तदान किया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा स्वयं आगे बढ़कर रक्तदान करने से उपस्थित पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों में उत्साह का वातावरण बना तथा लोगों को मानव सेवा के इस कार्य से जुड़ने की प्रेरणा मिली। साइबर चौपाल के दौरान नागरिकों को वर्तमान समय में बढ़ रहे विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। नागरिकों को अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने, अनजान मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड नहीं करने तथा फर्जी कॉल एवं डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर ठगी से सावधान रहने के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।





रक्तदान करते पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारी।

सीआईएसएफ गेवरा इकाई लाइन में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एसईसीएल बिलासपुर के गेवरा इकाई लाइन में न्यू कोरबा हॉस्पिटल के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में दीपका एवं गेवरा क्षेत्र में कार्यरत सीआईएसएफ के कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता एवं मानवता की भावना को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर सीआईएसएफ अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान मानवता के प्रति सच्ची सेवा और संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है, ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदाता किसी के लिए जीवनदाता बन सकते हैं। न्यू कोरबा हॉस्पिटल की चिकित्सा टीम द्वारा शिविर में रक्तदान से संबंधित आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं एवं स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सीआईएसएफ कार्मिकों ने भी इस सामाजिक एवं जनकल्याणकारी पहल में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए दूसरों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

उद्योग मंत्री ने विद्युत कम्पनी में पुरानी पेंशन लागू करने दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने विद्युत कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों को विद्युत कम्पनी में पुरानी पेंशन लागू करने के संबंध में भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर 28 सितंबर को श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों पर मंत्रिमंडल व संबन्धित विभाग के अधिकारियों की बैठक में पुरानी पेंशन के संबंध में विचार किया जाएगा। इस बात की जानकारी मंत्री श्री देवांगन ने विद्युत कंपनी के 12 संगठनों के अधिकार मंच द्वारा उनके स्वागत के दौरान पुरानी पेंशन की मांग को लेकर दिए गए ज्ञापन पर कहा।



विद्युत कंपनी में अधिकारी-कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन की मांग को लेकर अधिकार मंच द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिए जाने के कार्यक्रम के अनुसार 27 सितम्बर को कोरबा पूर्व एवं कोरबा पश्चिम से सैकड़ो की संख्या में अधिकारी- कर्मचारी मंत्री श्री देवांगन के निवास पर पहुंचे। अधिकार मंच में शामिल सभी 12 संगठनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें बताया कि विद्युत उद्योग सबसे जोखिम का उद्योग है, जिसमें कार्यरत 8 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन सुविधा से वंचित है। इस मांग को लेकर विद्युत कंपनी के सभी अधिकारी व कर्मचारियों के बारह संगठनों ने अधिकार मंच का गठन कर मुख्यमंत्री से भी भेंट की है उनके द्वारा भी शीघ्र ही पुरानी पेंशन पर निर्णय लेने हेतु आश्वस्त किया गया है।

वन्यजीव संरक्षण को लेकर वन विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

कोरबा। वन्यजीव संरक्षण को लेकर वन विभाग ने जागरूकता रैली निकाली गई। वन विभाग कार्यालय से शुरू हुई रैली घंटाघर होते हुए कलेक्टोरेट पहुंची, जहां वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद रैली वापस वन विभाग कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े लोग शामिल हुए। हाथों में जागरूकता संदेशों वाली तख्तियां लेकर प्रतिभागियों ने शहरवासियों से वन्यजीवों की सुरक्षा में सहयोग की अपील की रैली के जरिए लोगों को वन्यजीवों के संरक्षण, सुरक्षा और उनके प्राकृतिक रहवास को बचाने के प्रति जागरूक किया गया। वन विभाग ने कहा कि जंगल और वन्यजीवों को सुरक्षित रखना सिर्फ विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। वन्यजीवों को नुकसान न पहुंचाने और उनके प्रति संवेदनशील रहने का संदेश देते हुए रैली का समापन वन विभाग कार्यालय में किया गया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, राहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
40 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411

